web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 11 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-190

## महत्वपूर्ण एवं खास



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सली हमले में मारे गए बीजेपी विधायक भीमा मंडावी सहित शहीदों को श्रद्धांजलि दी

### जापान का लड़ाकू विमान एफ-35 प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त

टोक्यो (आरएनएस)। जापान के खुफिया लड़ाकू विमान एफ-35 के मंगलवार को प्रशांत महासागर पर से गुजरने के दौरान रडार से संपर्क से कटने के बाद बुधवार को उसका मलबा मिला है। जापानी सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विमान का पायलट हालांकि अभी भी लापता है। समुद्र में खोजी अभियान के दौरान विमान के टुकड़े मिले। इसका कारण पता नहीं चला है कि एक साल से भी कम पुराने विमान का रडार से संपर्क कैसे टूट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त कैसे हो गया। विमान जापान के पूर्वोत्तर शहर मिसावा के 135 किलोमीटर पूर्व में मंगलवार शाम 7.27 बजे लापता हो गया था। जापान के सार्वजनिक प्रसारणकर्ता एनएचके के अनुसार, मिसावा एयर बेस से उड़ान भरने के 30 मिनट के बाद इसका संपर्क टूट गया था। विमान में इससे पहले कोई समस्या नहीं पाई गई थी। न्यूज साइट क्योडो के अनुसार, बचाव दल विमान के पायलट की तलाश कर रहे हैं। जापान सेना में अपने पुराने एफ-4 लड़ाकू विमानों के स्थान पर एफ-35 शामिल कर रहा है। एफ-35 विमान की कीमत कम से कम नौ करोड़ डॉलर है।

### सड़क हादसे में 5 की मौत, कई लोग घायल

कानपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में कानपुर के महराजपुर क्षेत्र में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इस घटना में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सोलंकी के मुताबिक, घटना महराजपुर स्थित ब्रह्मदेव मंदिर के पास की है। मुंडन संस्कार होने के बाद सभी लोग ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर रूमा स्थित ब्रह्मदेव के दर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि दर्शन-पूजन के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईवे पर फतेहपुर की ओर जाने वाली लेन पर उल्टी दिशा से कट की ओर जा रहा थी। इस बीच सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग उछलकर नीचे आ गिरे। ट्रक के कंटेनर में फंसा ट्रैक्टर करीब पांच सौ मीटर घिसटता चला गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हैं।

### राहुल गांधी ने अमेठी से भरा नामांकन

**रोड शो में उतरा गांधी-वाड्रा परिवार**

अमेठी (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। रास्ते में तीन किमी लंबे इस रोड शो के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल और मालाओं के साथ राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी, प्रियंका और रॉबर्ट वाड्रा ने हाथ हिलाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

रोड शो के रास्ते को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस झंडों और फूल-मालाओं से भर दिया था। अमेठी में जश्न जैसा माहौल रहा। रोड शो के बाद राहुल गांधी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। बता दें कि अमेठी में छह मई को वोट डाले जाएंगे।

# देशभर में आयकर विभाग की छापेमारी पर चुनाव आयोग सख्त

## कहा-रेड से पहले हमें बताएं एजेंसियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य प्रदेश और दिल्ली में आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी को लेकर चुनाव आयोग सख्त हो गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि छापेमारी करने से पहले हमे कोई भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। आयकर विभाग की छापेमारी से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल है। कांग्रेसी नेताओं के करीबियों के घर में की गई छापेमारी में विपक्षी पार्टियों ने भी बदले की कार्रवाई कहा है। चुनाव आयोग के सूत्रों की मानें हाल ही में मध्य प्रदेश में की गई छापेमारी की ईसी को जानकारी ही नहीं थी। ना सिर्फ केंद्रीय चुनाव आयोग बल्कि प्रदेश के निर्वाचन अधिकारी को भी इसके बारे में किसी तरह की सूचना नहीं दी गई थी।





चुनाव आयोग ने जांच एजेंसियों को दो टूक कह दिया है कि चुनाव आचार संहिता लागू है ऐसे में भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी रेड या कार्रवाई की जानकारी वो चुनाव आयोग या राज्य के निर्वाचन अधिकारी से साझा करें। चुनाव आयोग की सख्ती पर आयकर विभाग का कहना है कि आचार संहिता और कार्रवाई से पहले आयोग को लूप में रखने की बात उन्हें पता है। इस पर ईसी ने दो टूक कहा कि जब इस बात की जानकारी आपको थी तो फिर बताया क्यों नहीं गया।

बता दें कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के ओएसडी प्रवीण कक्कड़ के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी में कैश, करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी। इसके अलावा 20 करोड़ रुपये के हवाला का भी मामला सामने आया था, जिसके तार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के अकाउंटेंट से जुड़े थे।

# नोटबंदी के बाद मोटे कमीशन पर बदले गए नोट: सिब्बल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने मंगलवार को वीडियो जारी किया जिसमें कुछ लोग कथित तौर यह दावा करते हुए नजर आ रहे हैं कि नोटबंदी के बाद भाजपा के कुछ नेताओं की मदद से कमीशन की एवज में नोट बदले गए। सिब्बल ने यह दावा भी किया कि नोटबंदी के बाद 15 से लेकर 40 प्रतिशत तक कमीशन की एवज में नोट बदले गए।



सिब्बल ने जो वीडियो जारी किया कि इसकी प्रमाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है और फिलहाल भाजपा की तरफसे भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह पूछे जाने पर कि वह इस मामले में अदालत जाएंगे तो उन्होंने इससे इनकार किया। कांग्रेस नेता ने नोटबंदी को सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि पिछ्लों पांच वर्षो में आपने देखा कि पानी की तरह पैसा बहता है। इसकी झलक इन वीडियो में दिखी है। अगर कोई बैंकर, सरकारी कर्मचारी, सरकार के लोग मिलकर 15 से 40 फीसदी कमीशन कमाएं तो इससे बड़ा कोई अपराध नहीं है।

## 2017 एसएससी पेपर लीक मामले में न्यायालय ने स्थिति रपट मांगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षा के पेपर लीक मामले की सुनवाई स्थगित कर दी और इस पर स्थिति रपट मांगी।

परीक्षा 2017 में हुई थी और इसमें शामिल हुए हजारों छात्र अभी भी अधर में लटके हुए हैं। अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पेपर लीक की चल रही जांच के बारे में अपनी नवीनतम स्थिति रपट पेश करने का निर्देश दिया है।

## कोयला खदान धंस जाने से 6 खनिक की मौत

अयबक (आरएनएस)। अफगानिस्तान के समनगन प्रांत में एक कोयला खदान के धंस जाने से छह खनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

जिला गवर्नर अहमद अली हसानी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि दारा-ए-सूफ पयान जिले में स्थित एक कोयला खदान में कामगारों का एक समूह खनन कार्य में व्यस्त था, उसी दौरान खदान का एक हिस्सा धंस गया। सोमवार को हुए इस हादसे में छह खनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## बर्फीले तूफान में फंसे 10 लोग बचाये गये

उरुमक्वि (आरएनएस)। उत्तर-पश्चिमी चीन के शिंगजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के चांगजी पहाड़ी क्षेत्र में आए बर्फीले तूफान में फंसे 10 लोगों को मंगलवार को सुरक्षित बचाया गया। शिंगजियांग वन दमकल विभाग के अनुसार फंसे गुए लोगों को दो हेलिकॉप्टर की मदद से बचाया गया तथा उन्हें उरुमक्कि लाया गया है। दो लोग मामूली रुप से घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बर्फीले तूफान के कारण रास्ते बंद हो गए थे जिसके कारण बचाव दल को घटनास्थल में पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# पांचवे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

### लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी की जायेगी।




चुनाव आयोग सात राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 51 सीटों के लिए यह अधिसूचना कल जारी करेगा।इन सीटों के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल है और मतदान छह मई को होगा।

पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश की 14, राजस्थान की 12, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सात-सात, बिहार की पांच, झारखंड की चार और जम्मू-कश्मीर की दो सीटों पर मतदान होगा। इनमें अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का एक हिस्सा भी शामिल है क्योंकि सुरक्षा कारणों से अनंतनाग सीट के चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की लालू की जमानत याचिका

## चारा घोटाला मामला

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका मिला है। चारा घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने राजद प्रमुख लालू के वकील से कहा कि लालू यादव के बाहर आने पर कोई खतरा नहीं है खतरा यही है कि वे दंडित किए गए हैं। इससे पहले सीबीआई ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका का विरोध किया था। लालू ने स्वास्थ्य के आधार पर जमानत की मांग की थी। झारखंड हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद लालू ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। फिलहाल लालू का रांची के रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) में इलाज चल रहा है।

सीबीआई ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ से यादव की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने की अनुमति मांगी थी।

# पहले से थी पुलवामा हमले की जानकारी

## आतंकी निसार अहमद तांत्रे ने किया खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। गत दिवस सरकार जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी निसार अहमद तांत्रे को यूएई से भारत लेकर आई। निसार पुलवामा लेथपोरा सीआरपीएफ आतंकी हमले में शामिल था। यह घटना 30 दिसबंर 2017 की है। हमले का आरोपी निसार अहमद तांत्रे 1 फरवरी 2019 को यूएई भाग गया था। निसार अहमद तांत्रे से काफी पूछताछ के बाद तांत्रे ने कई नए खुलासे किए है। तांत्रे ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर हुए आत्मघाती हमले के बारे में पहले से जानता था।



तांत्रे ने बताया कि हमले के मुख्य साजिशकर्ता मुदस्सिर खान ने इस हमले को अंजाम देने के लिए उसे भी शामिल होने को कहा था इसलिए उसे इस बारे में पूरा जानकारी थी। तांत्रे ने बताया कि पुलवामा में हुआ हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने कराया था। ये जानकारी तांत्रे की पूछताछ में शामिल एक अधिकारी ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक जैश के इस आतंकी ने पुष्टि की है कि हमला जैश के आदेश पर किया गया था। और खान ही वो व्यक्ति है जिसने हमले का नेतृत्व कर इसे अंजाम दिया।

तांत्रे के द्वारा किए गए खुलासे से पहले भारतीय जांच एजेंसियां खुफिया जानकारी और जैश के निचले स्तर के आतंकियों से पूछताछ पर ही निर्भर थीं। तांत्रे जैश के मारे गए आतंकी नूर अहमद का भाई है। पहचान ना बताने की शर्त पर खुफिया ब्यूरो के अधिकारी ने कहा है कि कश्मीर घाटी में जैश के कार्यकर्ताओं पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव है।

## कश्मीरी अलगाववादी नेता यासिन मलिक गिरफ्तार



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासिन मलिक को आतंकी साजिश के मामले में गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने उसे 22 अप्रैल तक एनआइए रिमांड पर भेज दिया है।

## आयकर छापों को अदालत में चुनौती पर सुनवाई अब 11 अप्रैल को

इंदौर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) प्रवीण कक्कड़ और उनके पुत्र पर पड़े आयकर छापो को चुनौती देती याचिका की आज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने सुनवायी करते हुए इस याचिका की आगामी सुनवायी 11 अप्रैल को मुकर्रर की है।

उच्च न्यायालय की युगल पीठ के न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विवेक रूसिया ने आज केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और याची की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद याचिका की आगामी सुनवाई दो दिनों बाद किये जाने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता प्रवीण कक्कड़ और उनके पुत्र सलिल कक्कड़ ने आयकर विभाग की कार्रवाई पर कई प्रश्न खड़े करते हुए चुनौती दी है।

याचिका में अध्यक्ष-सीबीडीटी, सचिव-वित्त मंत्रालय भारत सरकार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त - भारत निर्वाचन आयोग, निदेशक - आयकर विभाग, सचिव- गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन और पुलिस महानिदेशक- मध्यप्रदेश पुलिस को प्रतिवादी बनाया है। उल्लेखनीय है कि सीबीडीटी ने कक्कड़ के इंदौर स्थित निज निवास सहित अन्य पांच ठिकानो पर बीते शनिवार-रविवार मध्यरात्रि से छापामार कार्रवाई शुरू की थी।

सीबीडीटी के अधिकारियों का एक दल लगभग 48 घंटे तक छानबीन करने के बाद कल रात लौट गया।

# 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## टिक टॉक एप पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट टिक टॉक एप पर प्रतिबंध लगाने का केन्द्र को निर्देश देने संबंधी मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर 15 अप्रैल को को सुनवाई करेगा। अदालत ने इस एप के जरिए पोर्नोग्राफिक सामग्री तक पहुंच को लेकर व्याप्त चिंताओं के मद्देनजर यह निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ चीनी कंपनी बाइटडांस की याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। इस कंपनी ने कहा है कि इस एप को एक अरब से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है और हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने एकतरफा आदेश दे दिया है। हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तीन अप्रैल को केंद्र को निर्देश दिया था कि मोबाइल एप्पलीकेशन शिटक टॉकश् पर प्रतिबंध लगाए। उसने ऐसे एप्स के जरिए पोर्नोग्राफिक्र और अनुचित सामग्री उपलब्ध कराए जाने पर चिंता जताई थी। हाईकोर्ट ने मीडिया को टिक टॉक के साथ बनाये गये वीडियो क्लिप्स का प्रसारण नहीं करने का निर्देश भी दिया है।

## बसपा ने जारी की पूर्व मंत्री समेत 5 प्रत्याशियों की तीसरी सूची

नई दिल्ली (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। तीसरी सूची में धौरहरा, कैसरगंज, सीतापुर, मोहनलालगंज सुरक्षित व फतेहपुर जैसी पांच लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को तय किया गया है। चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्र के इन पांच प्रत्याशियों में बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नकुल दुबे को सीतापुर से, अरसद अहमद सिद्दीकी को धौरहरा से, सीएल वर्मा को मोहनलालगंज से, सुखदेव प्रसाद को फतेहपुर से और चंद्रदेव राम यादव को आज कैसरगंज से प्रत्याशी घोषित किया है। गौरतलब है कि इन प्रत्याशियों ने नाम घोषित होने से पूर्व ही अपना प्रचार अभियान कर दिया था। बता दें कि समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन में बसपा के खाते में 38 सीट हैं।

## यमन की राजधानी में विस्फोट, 14 बच्चों की मौत

सना (आरएनएस)। बागियों के कब्जे वाली यमन की राजधानी में रविवार को दो स्कूलों के पास हुए विस्फोट में 14 बच्चों की मौत हो गई और 16 अन्य जख्मी हुए हैं। हालांकि विस्फोट के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। यूनिसेफ और यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने बयान में बताया कि शहर के साएवान जिले में हुए विस्फोट में मरने वाले में अधिकतर 9 साल से कम उम्र की लड़कियां हैं। यमन के हुती बागियों ने सऊदी अरब की अगुवाई वाली गठबंधन सेना पर हवाई हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं, गठबंधन सेना ने रविवार को राजधानी सना में किसी तरह का हवाई हमला करने से इनकार किया है।

## मोदी की बायोपिक पर चुनाव आयोग ने लगाई रोक, कल 11 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म मेकर्स को बड़ा झटका हुआ है चुनाव आयोग पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन पर बनी बायोपिक पर रोक लगा दी है. अब ये फिल्म 11 अप्रैल को रिलीज़ नहीं हो पाएगी. चुनाव आयोग ने पीएम मोदी की बायोपिक समेत अलग-अलग बायोपिक पर भी रोक लगाने का फैसला किया है, फिल्म में विवेक ओबेरॉय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा रहे हैं. इलेक्शन कमीशन ने किसी भी इलैक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया या सिनेमेटो माध्यम से फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी है.